# बिहार सरकार
## शिक्षा विभाग
## संकल्प

पटना, दिनांक 23/07/2026

संचिका सं0–03/आ01–124/2022/467393 जिला पदाधिकारी, शेखपुरा द्वारा श्री सतीश प्रसाद सिंह, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), शेखपुरा सम्प्रति सेवानिवृत्त के विरूद्ध गठित आरोप पत्र में मुख्य रूप से शेखपुरा जिला अंतर्गत शिक्षा विभाग के कार्यालय एवं विद्यालय में उपयोग संबंधी पंजी प्रपत्रों आदि के क्रय हेतु निविदा में किये गये वित्तीय अनियमितता का आरोप प्रतिवेदित है।

2. उक्त आरोपों की वृहत जाँच हेतु सरकार ने संकल्प लिया है कि श्री सतीश प्रसाद सिंह, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), शेखपुरा सम्प्रति सेवानिवृत्त के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत अनुशासनिक कार्यवाही प्रारंभ की जाय।

3. उक्त अनुशासनिक कार्यवाही के संचालन हेतु श्री विजय कुमार, अपर सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार को संचालन पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

4. संचालन पदाधिकारी निर्धारित तीन माह के अंदर विहित प्रक्रियाओं का अनुसरण करते हुए विभागीय कार्यवाही सम्पन्न कर विहित प्रपत्र में अपना जाँच प्रतिवेदन समर्पित करेंगें।

5. उक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**आदेश :– आदेश दिया जाता है कि संकल्प अनुबंध, आरोप पत्र एवं साक्ष्य तालिका की प्रति संचालन पदाधिकारी/प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी तथा आरोपी पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जाए।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–

निदेशक(प्रशासन)

ज्ञापांक : 03/आ01–124/2022/467393 पटना, दिनांक 23/07/2026

प्रतिलिपि :– प्रभारी पदाधिकारी ई–गजट कोषांग, वित विभाग, बिहार, पटना (आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग के माध्यम से)/ महालेखाकार, बिहार, पटना/माननीय मंत्री के आप्त सचिव, बिहार पटना/ सचिव, शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सभी निदेशक, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी (वै0दा0नि0 कोषांग), वित विभाग, बिहार, पटना/आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर/जिला पदाधिकारी, शेखपुरा/क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, मुगेर प्रमंडल, मुंगेर/जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), शेखपुरा/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/ श्री विजय कुमार, अपर सचिव, शिक्षा विभाग –सह–संचालन पदाधिकारी/जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा–सह–प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी/ श्री सतीश प्रसाद सिंह, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), शेखपुरा सम्प्रति सेवानिवृत्त पत्राचार का पता–ग्राम–चौरही, पो0–मतासी, थाना–हलसी, जिला–लखीसराय, बिहार, पिन कोड–811315/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–02 एवं आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Signed by
Vijay Kumar
Date: 23-07-2026 15:57:31

निदेशक(प्रशासन)